प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 11.02.2026 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने आज पेश किया उत्तर प्रदेश का अब तक का सबसे बड़ा बजट : नौ लाख बारह हजार छह सौ छियानवे करोड़ पैंतीस लाख रुपये से विकास को मिलेगी नई रफ्तार।
2. बजट में 43 हजार 565 करोड़ 33 लाख रुपये को नई योजनाओं की घोषणा : पूंजीगत व्यय, शिक्षा–स्वास्थ्य और कृषि पर प्रदेश सरकार का विशेष ध्यान।
3. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बजट को बताया विकसित भारत के लक्ष्य को साकार करने के लिए विकसित उत्तर प्रदेश की दिशा में मील का पत्थर।

और

4. भारत दौरे पर आई थाईलैंड की राजकुमारी सिरिवन्नावरी नारिरत्ना ने आगरा में ताजमहल का किया दीदार : ताजमहल के इतिहास और निर्माण की ली जानकारी।

————————

प्रदेश सरकार ने आज विधानसभा में अपने दूसरे कार्यकाल का अंतिम पूर्ण बजट पेश किया। नौ लाख बारह हजार छह सौ छियानवे करोड़ पैंतीस लाख रुपये का यह बजट राज्य का अब तक का सबसे बड़ा बजट है और पिछले वर्ष के बजट से 12.9 प्रतिशत अधिक है। वित्तीय

वर्ष 2026—27 में राजकोषीय घाटे की सीमा 3 प्रतिशत रखी गई है। सदन में बजट पेश करते हुए राज्य के वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि किसानों, युवाओं, महिलाओं और श्रमिकों का सशक्तिकरण, रोजगार के अवसर सृजित करना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि शिक्षा तथा चिकित्सा के लिए आवंटन कुल बजट का क्रमशः 12.4 प्रतिशत और 6 प्रतिशत है। बाइट.....

*वित्तीय वर्ष 2026—27 के लिए प्रस्तुत बजट का आकार ₹9,12,696.35 करोड़ जो वित्तीय वर्ष 2025—26 की तुलना में लगभग 12.9: अधिक है। इस बजट में पूंजीगत परिव्यय 19.5 प्रतिशत है। शिक्षा तथा चिकित्सा हेतु आवंटन कुल बजट का क्रमशरू 12.4: एवं 6: है। कृषि और संबंध सेवाओं के लिए आवंटन कुल बजट का 9: है।*

श्री खन्ना ने कहा कि बजट का लगभग एक चौथाई हिस्सा सड़क, एक्सप्रेसवे, बिजली, सिंचाई, शहरी विकास और दूसरे इंफ्रास्टक्चर पर खर्च किया जाएगा और खास ध्यान पूर्वांचल और बुंदेलखंड जैसे पिछड़े इलाकों के संतुलित विकास पर है।

वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि इस बजट में 43 हजार 565 करोड़ 33 लाख रुपये की नई योजनाएं सम्मिलित की गयी हैं। उन्होंने बताया कि चिकित्सा शिक्षा के लिए 14 हजार 997 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गयी है। बाइट.....

*14 नए मेडिकल कॉलेजों की स्थापना एवं संचालन हेतु ₹1,223 करोड़ की व्यवस्था प्रस्तावित है। कैंसर संस्थान लखनऊ के लिए ₹315*

*करोड़ की व्यवस्था प्रस्तावित है। असाध्य रोगों के इलाज के लिए निशुल्क चिकित्सा सुविधा हेतु ₹130 करोड़ की व्यवस्था प्रस्तावित है। चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण के लिए ₹37,956 करोड़ की व्यवस्था प्रस्तावित है जो 2025–2026 की तुलना में 15 पतिशत अधिक है।*

**बजट में आयुष सेवाओं के लिए लगभग दो हजार 867 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गयी है। सदन में वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि बजट 2026–27 में कृषि योजनाओं के लिये लगभग 10 हजार 888 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है, यह वर्ष 2025–2026 के मुकाबले 20 प्रतिशत अधिक है।**

**ग्राम्य विकास की योजनाओं के लिए लगभग 25 हजार 500 करोड़ रूपये की व्यवस्था प्रस्तावित है। बाइट.....**

*ग्राम विकास की योजनाओं के लिए लगभग ₹25,500 करोड़ की व्यवस्था प्रस्तावित है। मनरेगा तथा राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन हेतु क्रमशः ₹5,544 करोड़ एवं ₹4,580 करोड़ की व्यवस्था प्रस्तावित है। इन दोनों योजनाओं का संचालन विकसित भारत ग्रामीण रोजगार एवं आजीविका मिशन गारंटी योजना के रूप में संचालित होगी। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत वर्ष 2016–17 को से लेकर वर्ष 2025–26 तक ₹36,56,000 आवास निर्माण के लक्ष्य के सापेक्ष 36,37,000 आवास पूर्ण हो गए।*

————————————

**प्रदेश सरकार ने 2026–27 के बजट में शिक्षा, अवस्थापना, सड़क और सेतु निर्माण, ऊर्जा, आईटी सेक्टर और महिला बाल कल्याण, पिछड़ा वर्ग कल्याण के लिए विशेष व्यवस्था की है। पेश है एक रिपोर्ट......**

*वर्ष 2026–27 के बजट में बेसिक शिक्षा के लिए 77 हजार 622 करोड रुपये और माध्यमिक शिक्षा के लिए 22 हजार 167 करोड रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है। उच्च शिक्षा के लिए लगभग 6 हजार 591 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। इसके तहत मेधावी छात्राओं को स्कूटी प्रदान किये जाने की रानी लक्ष्मी बाई स्कूटी योजना के लिए 400 करोड़ रूपये की बजट व्यवस्था प्रस्तावित है। अवस्थापना और औद्योगिक विकास की योजनाओं के लिए 27 हजार 103 करोड़ रुपये और एमएसएमई सेक्टर की योजनाओं के लिए तीन हजार 822 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गयी है। नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति हेतु लगभग 22 हजार 676 करोड़ रुपये की व्यवस्था है। बजट में ऊर्जा क्षेत्र की योजनाओं के लिए 65 हजार 926 करोड़ रुपये, पी.एम. कुसुम सूर्यघर योजना के लिए 1,500 करोड़ रूपये और सड़कों और सेतु के निर्माण, चौड़ीकरण एवं अनुरक्षण के लिए 34 हजार 468 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है। बजट में उत्तर प्रदेश एआई मिशन के लिए 225 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। सुशील चन्द्र तिवारी, आकाशवाणी समाचार, लखनऊ।*

वित्त मंत्री सुरेश खन्ना के बजट प्रस्तुत करने के बाद सदन की कार्यवाही कुछ देर के लिये स्थगित रही। कार्यवाही शुरू होने के बाद राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा शुरू हुई, जो कल भी जारी रहेगी।

वहीं विधान परिषद में आज उपमुख्यमंत्री और नेता सदन केशव प्रसाद मौर्य ने वित्तीय वर्ष 2026–2027 का बजट प्रस्तुत किया।

———————————

## ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप पादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

——————————

राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने आज उत्तर प्रदेश विधान सभा में प्रस्तुत राज्य सरकार के बजट 2026 पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए इसे समावेशी, दूरदर्शी एवं जनोन्मुखी बजट बताया है। विधानसभा में बजट पेश होने के बाद मीडिया से बात करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि वर्ष 2026–27 का बजट प्रौद्योगिकी में निवेश के माध्यम से राज्य को समृद्ध बनाने के लिए समर्पित है। उन्होंने कहा कि बजट का मुख्य विषय महिलाओं की सुरक्षा, सक्षम युवाओं, समृद्ध किसानों और सभी के लिए रोजगार है। श्री योगी ने इस बजट को विकसित भारत के लक्ष्य को साकार करने के लिए विकसित उत्तर प्रदेश की दिशा में मील का पत्थर बताया। बाइट......

*उत्तर प्रदेश का आज वित्त मंत्री जी के द्वारा विधानसभा में प्रस्तुत भजन यह उत्तर प्रदेश के अंदर जनआकांक्षाओं को पूरा करने जनकल्याण, रोजगार सृजन, निवेश के विस्तार, महिलाओं के सम्मान और उनके सशक्तिकरण की दिशा में युवाओं के लिए अधिक से अधिक रोजगार सृजन की दिशा में प्रदेश को आगे बढ़ाने और 2029–30 में यूपी को 1 ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी के रूप में प्रस्तुत करते हुए एक विकसित भारत के*

*विकसित उत्तर प्रदेश के रूप में आगे आगे बढ़ाने की दिशा में एक मील का पत्थर साबित होगा।*

प्रदेश के आज पेश हुए बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने कहा कि यह बजट विकास, विश्वास और समृद्धि की भावना से तैयार किया गया है और प्रदेश को नई आर्थिक ऊंचाइयों तक पहुंचाने का रोडमैप प्रस्तुत करता है। बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए समाजवादी पार्टी और कांग्रेस ने इसे निराशाजनक बताया। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बजट पर असंतोष व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार जमीनी हकीकत से बहुत दूर है।

बसपा अध्यक्ष मायावती ने सोशल मीडिया पोस्ट के माध्यम से कहा कि यह बजट कवल लोक लुभावना है। इससे सर्व समाज का विकास नहीं होगा।

बजट को लेकर पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर के अर्थशास्त्र विभाग के प्रोफेसर विवेक कुमार मिश्रा ने कहा कि ये राज्य के समग्र विकास की दिशा में एक सकारात्मक कदम है। बाइट.....

*यह बजट न सिर्फ उत्तर प्रदेश को तीव्र विकास के पथ पर ले जाने वाला बजट है बल्कि यह जन आकांक्षाओं को भी पूरा करता है। बुनियादी ढांचे पर 13ः की बड़ी वृद्धि की गई है। युवाओं के लिए लाखों नौकरियों की बात है। साथ ही छात्राओं के लिए स्कूटी जैसी योजना युवा ऊर्जा को पंख देने का कार्य करेगी।*

बरेली की रहने वाली कोमल ने बजट में महिला समर्थ योजना के तहत जिले को मिल्क प्रोड्यूसर यूनिट देने पर सरकार का आभार जताया। बाइट.....

*बरेली के लिए प्रस्ताव रखा है मिल्क प्रोडक्ट का ताकि जो लोकल महिलाएं हैं, उनके लिए काम करने के लिए क्योंकि जो ज्यादा पढ़ी–लिखी नहीं होती है, उनके लिए बहुत अच्छी बात है सराहने के लिए ताकि वह काम कर सके, अपनी तरक्की खुद अपने हाथों से कर सके।*

——————————

भारत दौरे पर आई थाईलैंड की राजकुमारी सिरिवन्नावरी नारिरत्ना ने आज कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच ताजमहल और आगरा किले का दीदार किया और गाइड से ताजमहल के इतिहास, निर्माण और पच्चीकारी के बारे में जानकारी ली।

(समाप्त)